# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर ।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022** **दिनांक 07/06/2025**

**सेवा में,**

**पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर**
**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0 ।**

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है ।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 06.06.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**01. थाना खानपुर व थाना बहरियाबाद की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 77/25 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट तथा 3/5A/5B/8 गोवध निवारण अधिनियम से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 06.06.2025 को थानाध्यक्ष खानपुर मय हमराह थाना खानपुर जनपद गाजीपुर द्वारा गौतस्कर से सम्बन्धित थाना खानपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी की जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि थाना बहरियाबाद से सम्बन्धित गोवध के मुकदमे का वाँछित अभियुक्त रामआशीष यादव उर्फ भुल्लन यादव पुत्र रामदरश यादव निवासी ग्राम शम्भूपुर मंगारी थाना सादात जनपद गाजीपुर जो थाना सैदपुर से बहरियाबाद जाने वाले मार्ग पर करीब 150 मीटर अन्दर से औड़िहार जाने वाले रास्ते से औडिहार स्टेशन पर आ रहा है जो ट्रेन पकड़कर कहीं जाने की फिराक में है, शीघ्रता किया जाए तो पकड़ा जा सकता है उक्त सूचना पर थाना स्थानीय की पुलिस बल की टीम द्वारा एकाएक दबिश देकर गैवीपुर अण्डर पास थाना सैदपुर के पास से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

**1** . रामआशीष यादव उर्फ भुल्लन यादव पुत्र रामदरश यादव नि0ग्राम शम्भूपुर मंगारी थाना सादात जनपद गाजीपुर उम्र करीब 27 वर्ष

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**

**01** . मु0अ0सं0134/23 धारा 3/5A/8 गोवध नि0 अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 थाना मेहनाजपुर जनपद आजमगढ़

**02 .** मु0अ0सं0 01/24 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्ध अधि0 थाना मेहनाजपुर जनपद आजमगढ़

**03** . मु0अ0सं0 77/25 धारा 3/5A/5B/8 गोवध नि0 अधि0 थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर

**04** . मु0अ0सं0 18/22 धारा 323/504/506 भादवि थाना सादात जनपद गाजीपुर

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर